Need to provide reservation for Maratha Community-laid

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर **(नांदेड़):** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांगे अत्यंत तीव्रता से की जा रही है। मराठा समाज की ओर से 58 महा मोर्चा प्रत्येक जिले में निकल गए और इन मोर्चों में लाखों की संख्या में मराठा समाज के लोगों ने भाग लिया। उसके बाद तत्कालीन सरकार के उसे समय के मुख्यमंत्री ने मराठा समाज को आरक्षण दिया था। इस संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय में आरक्षण मान्य हुआ लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने मराठा आरक्षण को निकाल दिया जिसके कारण मराठा समाज निराश हो गया। इसके साथ ही ओबीसी वर्ग में आरक्षण देना आवश्यक है। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि मराठा समाज को आरक्षण देने हेतु कार्यवाही करें। धन्यवाद।